ज्ञानोत्सव 2019 दिनॉक 31.08.2019 द्वितीय सत्र दोपहर बाद

2. विश्व की प्रमुख समस्याएँ और समाधान

यदि हम विश्व की सामाजिक स्थिति का ऑकलन करें तो पाते हैं कि विश्व में भौतिक उन्नति तो बहुत तेजी से हो रही है किन्तु नैतिक पतन भी उतनी ही तेज गति से हो रहा है। सारे विश्व में जितनी हत्याएँ या अन्य अपराध अपराधियों के द्वारा हो रहे हैं, उससे कई गुना अधिक धर्मों अथवा राज्य व्यवस्थाओं के आपसी टकराव से हो रहे हैं। मानवता की सुरक्षा के नाम पर जितनी सुरक्षा हो रही है उससे कई गुना ज्यादा मानवता का हनन हो रहा है। वैसे तो सम्पूर्ण विश्व में अनेक प्राकृतिक, सामाजिक, राजनैतिक समस्याएँ व्याप्त हैं किन्तु उन सब में भी कुछ महत्वपूर्ण समस्याएँ चिन्हित की गई हैं जिनके समाधान का कोई मार्ग खोजना आवश्यक है। मैं स्पष्ट कर दूँ कि पिछले कई दशकों से ये समस्याएं सम्पूर्ण विश्व में बढ़ी ही है तथा अब भी लगातार बढ़ती जा रही है–

1. निष्कर्ष निकालने में विचार–मंथन की जगह विचार–प्रचार का अधिक प्रभावकारी होना।
2. संचालक और संचालित के बीच बढ़ती दूरी।
3. राजनीति, धर्म और समाज सेवा का व्यवसायीकरण।
4. भौतिक पहचान का संकट।
5. समाज का टूटकर वर्गो में बदलना।
6. राज्य द्वारा दायित्व और कर्तव्य की परिभाषाओं को विकृत करना।
7. मानव स्वभावतापवृद्धि।
8. मानव स्वभाव स्वार्थ वृद्धि।
9. धर्म और विज्ञान के बीच बढ़ती दूरी।

(1) निष्कर्ष निकालने में विचार–मंथन की जगह विचार–प्रचार का अधिक प्रभावकारी होनाः

आज सम्पूर्ण विश्व में प्रचार करने की होड़ मची हुई है। अनेक असत्य–सत्य के समान स्थापित हो गये है, तथा लगातार होते जा रहे है। भावनाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा विचार–मंथन को कमजोर व किनारे किया जा रहा है। विचार–मंथन तथा विचारकों का अभाव हो गया है और विचार–प्रचार के माध्यम से तर्क को निष्प्रभावी बनाया जा रहा है। संसद तक में विचार–मंथन का वातावरण नहीं दिखता। कभी–कभी तो संसद में भी बल प्रयोग की स्थिति पैदा होने लगी है। इसके समाधान के लिए उचित होगा कि विचार, शक्ति, व्यवसाय और श्रम के आधार पर योग्यता रखने वालो को बचपन से ही अलग–अलग प्रशिक्षण देने की व्यवस्था हो। प्रवृत्ति और क्षमता का अलग–अलग टेस्ट हो। विधायिका, अनुसंधान आदि के क्षेत्र विचारको के लिए आरक्षित कर दिये जाये।

(2) संचालक और संचालित के बीच बढ़ती दूरीः

सारी दुनियां में राज्य और समाज के बीच शक्ति संतुलन बिगड़ता जा रहा है। समाज के आन्तरिक मामलों में राज्य का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। परिवार व गॉव की आन्तरिक व्यवस्था में भी राज्य निरंतर हस्तक्षेप करने का अधिकार अपने पास समेट रहा है। लोकतंत्र की परिभाषा लोक–नियंत्रित तंत्र से बदलकर लोक–नियुक्त तंत्र तक सीमित की जा रही है। संविधान तंत्र और लोक के बीच पुल का काम करता है किन्तु संविधान संशोधन में भी तंत्र निरंतर लोक को बाहर करता जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में मेरा सुझाव है कि सम्पूर्ण विश्व में लोकतंत्र के स्थान पर लोक स्वराज्य की दिशा में बढ़ा जाये। लोक स्वराज्य लोक और तंत्र के बीच बढ़ती दूरी को कम करने में बहुत सहायक हो सकता है। इस कार्य के लिए सबसे पहला कदम यह उठना चाहिए कि किसी भी देश का संविधान तंत्र अकेले ही संशोधित न कर सके। या तो लोक द्वारा बनाई गई किसी अलग व्यवस्था से संशोधित हो अथवा दोनो की सहमति अनिवार्य हो। उसके साथ–साथ यह भी आवश्यक है कि परिवार तथा स्थानीय इकाईयों को भी सम्प्रभुता सम्पन्न मानने के बाद कुछ थोड़े से महत्वपूर्ण अधिकार तंत्र के पास रहने चाहिए।

(3) राजनीति, धर्म और समाज सेवा का व्यवसायीकरणः

सारी दुनियां में समाज व्यवस्था की जगह पूँजीवाद का विस्तार हो रहा है। प्राचीन समय में विचारकों और समाजसेवियों को राजाओं/राजसत्ता से भी उपर सर्वोच्च सम्मान प्राप्त था, किन्तु वर्तमान समय में विचारकों और समाजसेवियों का अभाव हो गया है। यहॉ तक कि धर्मगुरु,समाजसेवी, राजनेता सभी किसी न किसी रुप में धन बटोरने में लग गये है। समाज सेवा के नाम पर एन.जी.ओ. के बोर्ड लगाकर धन इकठ्ठा किया जा रहा है। सारी दुनियां के राजनेताओं में धन संग्रह की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। इस बढ़ती जा रही समस्या के समाधान के लिए हमें यह प्रयत्न करना चाहिए कि सम्मान,शक्ति, सुविधा कहीं भी एक जगह किसी भी रुप में इकठ्ठी न हो जाये। जो व्यक्ति जिस प्रकार की इच्छा और क्षमता रखता हो, वह सम्मान, शक्ति और सुविधा में से किसी एक का चयन कर ले किन्तु यह आवश्यक है कि उसे अन्य दो की इच्छा त्यागनी होगी।इन तीनों के बीच तो खुली और स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा हो सकती है, किन्तु, श्रमजीवियों को मूलभूत आवश्यकताओं की गारण्टी व्यवस्था द्वारा दी जायें। यह व्यवस्था कुछ कठिन अवश्य है किन्तु इसके अतिरिक्त कोई अन्य समाधान नहीं है।

(4) भौतिक पहचान का संकटः

प्राचीन समय में गुण–कर्म–स्वभाव के अनुसार वर्ण व्यवस्था बनाकर व्यक्तियों की अलग–अलग पहचान बनाई गई थी। यह पहचान यज्ञोपवीत के माध्यम से अलग–अलग होती थी। संन्यासियों के लिए भी अलग वेशभूषा का प्रावधान था। विवाहित

अविवाहित की भी पहचान अलग थी। यहॉ तक कि समाज बहिष्कृत लोगों को भी अलग से पहचाना जा सकता था। दुनियां के अनेक देशों में अधिवक्ता, पुलिस,न्यायाधीश आदि की भी ऐसी अलग–अलग पहचान होती है कि कोई अन्य भ्रम में न पड़ सके। यदि बिना किसी व्यवस्था के इस प्रकार की नकली पहचान हर किसी के लिये सहज–सुलभ, सुविधाजनक व प्रचलित हो जाये तो अव्यवस्था फैलना स्वाभाविक है। वर्तमान समय में धीरे–धीरे यही हो रहा है। अब विद्वान, संन्यासी, फकीर, समाजसेवी बिना किसी योग्यता और परीक्षा के नकली पहचान बनाने में सफल हो जा रहे है। कोई एन.जी.ओ का बोर्ड लगाकर मानवाधिकारवादी हो जा रहा है, तो कोई पर्यावरणवादी जिनका दूर–दूर तक न मानवाधिकार से कोई सम्बन्ध है, न ही पर्यावरण से। ऐसे लोग व्यवस्था को ब्लैकमेल भी करने में लगे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ऐसी पहचान को तब तक प्रतिबन्धित कर देना चाहिए जब तक कि उसने किसी स्थापित व्यवस्था से प्रमाण–पत्र प्राप्त न किया हो, साथ ही नकली प्रमाण पत्रों पर भी कठोर दण्ड की व्यवस्था स्थापित करनी चाहिए।

(5) समाज का टूटकर वर्गो में बदलना:

पूरे विश्व में वर्ग निर्माण, वर्ग विद्वेष व वर्ग संघर्ष की आंधी चल रही है। वर्ग समन्वय लगातार घट रहा है तथा वर्ग विद्वेष बढ़ रहा है। मानव प्रवृत्ति के आधार पर दो ही सामाजिक वर्ग हो सकते है–(1) शरीफ (2) बदमाश। इस सामाजिक वर्ग निर्माण की जगह धर्म, जाति, भाषा, राष्ट्र, उम्र,लिंग, गरीब–अमीर, किसान–मजदूर, गॉव–शहर जैसे अन्य अनेक वर्ग बन रहे है तथा बनाये जा रहे है। बिल्लियों के बीच बंदर के समान हमारी शासन व्यवस्था वर्ग निर्माण व वर्ग विद्वेष के माध्यम से समाज व्यवस्था को छिन्न–भिन्न करके अपने को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यह प्रयास बहुत घातक है। समाज को चाहिए कि वह मार्गदर्शक, रक्षक, पालक, सेवक जैसी प्रवृत्ति के आधार पर बने वर्गो के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के वर्ग निर्माण को तत्काल अवांछित घोषित कर दे। साथ ही वर्तमान समय में बन चुके वर्गो में भी वर्ग समन्वय की भावना विकसित की जाये।

(6) राज्य द्वारा दायित्व और कर्तव्य की परिभाषाओं को विकृत करना:

प्राकृतिक रुप से व्यक्ति के लिये दो ही कार्य किये जाने आवश्यक होते है–(1) व्यक्ति की स्वतंत्रता की सुरक्षा तथा (2) व्यक्ति को सहजीवन की ट्रेनिंग। राज्य का दायित्व होता है कि वह न्याय और सुरक्षा के माध्यम से व्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित करे। समाज का दायित्व होता है कि वह व्यक्ति को सहजीवन की ट्रेनिंग दे। पूरी दुनियां में राज्य दायित्व और स्वैच्छिक कर्तव्य का अंतर या तो भूल गया अथवा जानबूझकर भूलने का नाटक कर रहा है। जनकल्याणकारी कार्य राज्य के स्वैच्छिक कर्तव्य होते है, दायित्व नहीं। राज्य समाज को गुलाम बनाकर रखने के उद्देश्य से जनकल्याणकारी कार्यो को अपने दायित्व घोषित करता है। इस भ्रम निर्माण से सुरक्षा और न्याय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है क्योंकि राज्य अपने समय व सं

साधनों का प्रयोग सुरक्षा और न्याय पर कम तथा जनकल्याणकारी कार्यो पर ज्यादा करता है। सुरक्षा और न्याय प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार होता है, राज्य द्वारा दी गई अन्य सुविधायें व्यक्ति का अधिकार नहीं होता किन्तु राज्य द्वारा जनकल्याणकारी कार्यो को अपना दायित्व मान लेने से आम नागरिक इन सुविधाओं को अपना अधिकार समझने लगते है। इस भ्रम के कारण ही समाज में अनेक टकराव उत्पन्न हो रहे है। आम लोग हर छोटी बड़ी बात के लिये राज्य के मुखापेक्षी हो गये है क्योंकि सुविधा लेना प्रत्येक व्यक्ति ने अपना अधिकार मान लिया है।

इस समस्या के समाधान के लिए राज्य को सुरक्षा और न्याय तक ही सीमित हो जाना चाहिए। जनकल्याण के अन्य कार्य राज्य अतिरिक्त कर्तव्य के रुप में चाहे तो कर सकता है किन्तु यह उसका दायित्व नहीं होता और न ही राज्य उसके लिए समाज पर कोई बाध्यकारी टैक्स लगा सकता है।

(7) मानव स्वभाव में तापवृद्धि:

पूरी दुनियां में मानव स्वभाव लगातार आवेश, हिंसा, प्रति–हिंसा की दिशा में बढ़ रहा है। मेरे हिसाब से ग्लोबल वार्मिंग के वास्तविक आशय में मानव स्वभाव तापवृद्धि भी शामिल होती है। यह मानव स्वभाव ताप पूरी दुनियां में बढ़ रहा है। किन्तु हम मानव स्वभाव तापवृद्धि के स्थान पर पर्यावरणीय तापवृद्धि को अधिक महत्व दे रहे है। पर्यावरण की भी चिंता होनी चाहिए किन्तु मानव स्वभाव की तापवृद्धि की तुलना में पर्यावरण को अधिक महत्वपूर्ण मानना गलत है। इस तापवृद्धि के कारण सारी दुनियां में हिंसक टकराव बढ़ रहे है। पश्चिमी जगत ऐसे टकरावों से अपने आर्थिक लाभ उठाकर संतुष्ट हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए हमें चाहिए कि सुरक्षा और न्याय के अतिरिक्त अन्य सारी व्यवस्था राज्य से लेकर परिवार, गांव, जिला, प्रदेश तथा केन्द्र तक बॉट दी जावें। इससे राज्य सफलतापूर्वक न्याय और सुरक्षा को संचालित कर सकेगा, तथा अन्य कार्य भी सामाजिक इकाईयॉ राज्य मुक्त अवस्था में ठीक से कर पायेंगी।

(8) मानव स्वभाव में स्वार्थ वृद्धि:

सम्पूर्ण विश्व में मानव स्वभाव में स्वार्थ बढ़ रहा है। स्वार्थ के कारण अनेक प्रकार के टकराव बढ़ रहे है। स्वार्थ के दुष्प्रभाव से ही परिवार व्यवस्था भी छिन्न–भिन्न हो रही है तथा समाज व्यवस्था में भी लगातार टूटन आ रही है। स्वार्थ लगातार मानव स्वभाव में बढ़ता जा रहा है। कमजोरों का शोषण आम बात हो गई है। आमतौर पर व्यक्ति अपने मानवीय कर्तव्यों को भी भूल रहा है। स्वार्थ के कारण ही सम्पत्ति के झगड़े पैदा हो रहे है।

मानव स्वभाव में स्वार्थ के बढ़ने का महत्वपूर्ण कारण है 'पश्चिम का सम्पत्ति के व्यक्तिगत अधिकार का सिद्धान्त'। अभी तक सम्पत्ति की तीन व्यवस्थाऍ मानी गई है–(1) व्यक्तिगत सम्पत्ति (2) सार्वजनिक या राष्ट्रीय सम्पत्ति जो साम्यवाद

का सिद्धांत है तथा जो असफल हो चुका है। (3) गॉधी जी का ट्रस्टीशिप जो अभी तक अस्पष्ट है। यही कारण है कि व्यक्तिगत सम्पत्ति का सिद्धांत लगातार बढ़ रहा है। इस समस्या का समाधान संभव है। व्यक्तिगत सम्पत्ति तथा ट्रस्टीशिप को मिलाकर एक नया सिद्धांत बना है जिसमें सम्पत्ति परिवार की मानी जायेगी तथा परिवार में रहते हुए व्यक्ति अपनी सम्पत्ति का ट्रस्टी मात्र होगा, मालिक नहीं। इस संशोधन से स्वार्थ वृद्धि पर अंकुश लगना संभव है। कोई भी व्यक्ति, कभी भी सामूहिक सम्पत्ति में से अपना हिस्सा लेकर अलग हो सकता है और नये परिवार में शामिल होकर सम्पत्ति सामूहिक कर सकता है किन्तु कोई व्यक्ति अकेला सम्पत्ति न रख सकता है न उपयोग कर सकता है।

(9) धर्म और विज्ञान के बीच बढ़ती दूरीः

धर्म और विज्ञान के बीच भी दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। जब से धर्म ने गुणात्मक स्वरुप छोड़कर संगठनात्मक स्वरुप ग्रहण किया है तब से उसमें लगातार रूढ़िवादिता बढ़ती जा रही है। रुढ़िवाद धर्म को विज्ञान से बहुत दूर ले जाता है। रुढ़िवाद के कारण ही भावनाओं का विस्तार होता है तथा विचार शक्ति घटती है जबकि विज्ञान विचार के माध्यम से निष्कर्ष निकालता है तथा गलत को सुधारने की प्रक्रिया में लगा रहता है। इस रूढ़िवाद के कारण भी पूरे विश्व में अनेक समस्याऍ पैदा हो रही है। पहले तो इस्लाम ही रुढ़िवाद का एकमात्र पोषक था किन्तु अब तो धीरे–धीरे यह बीमारी हिन्दुओं में भी बढ़ती जा रही है।

इसके समाधान के लिए रुढ़िवाद की जगह यथार्थवाद को प्रोत्साहित करना होगा। यथार्थवाद और विज्ञान के बीच तालमेल होने से इस समस्या का समाधान संभव है। आज दुनियां में आतंकवाद को सबसे बड़ी समस्या माना गया है किन्तु मेरे विचार में आतंकवाद उपर लिखी नौ समस्याओं का परिणाम है,कारण नहीं। यदि कोई बीमारी किसी कारण विशेष से होती है तो बीमारी को तत्काल रोकना उस बीमारी का समाधान न होकर, एक अल्पकालिक प्रयास होता है। यदि आतंकवाद को रोक भी लिया गया तो उपरोक्त नौ समस्याऍ नहीं सुलझ जायेगी। किन्तु यदि नौ समस्याओं का समाधान हो जाये तो आतंकवाद पैदा ही नहीं होगा या अपने आप समाप्त हो जायेगा। दूसरी बात यह भी है कि इन नौ समस्याओं का प्रभाव प्रत्येक व्यक्ति पर पड़ता है। जबकि आतंकवाद का प्रभाव उस देश तक सीमित व्यक्तियों पर पड़ता है जो उस आतंकवाद की चपेट में रहते हैं। इसलिए मैंने आतंकवाद को प्रमुख समस्या न मानकर आतंकवाद सरीखी अनेक समस्याओं की जड़ को खोजने का प्रयास किया है। आप विचार करिये कि यदि–

1. विचार प्रचार के स्थान पर विचार मंथन प्रभावी हो जाये।
2. लोक और तंत्र के बीच दूरी घट जाये तथा अपराध मुक्त समाज होने तक लोक नियुक्त तंत्र की जगह लोक नियंत्रित तंत्र हो जाये।
3. राजनीति,धर्म और समाज सेवा का व्यापार बंद हो जाये।
4. किसी व्यक्ति की योग्यता के आधार पर उसका टेस्ट लेकर उसे भौतिक पहचान देने की व्यवस्था हो।
5. वर्ग विद्वेष, वर्ग समन्वय में बदल जाये।
6. तंत्र सुरक्षा और न्याय को अपना दायित्व समझे तथा समाज के अपराध नियंत्रित होने तक जनकल्याणकारी कार्यो में हस्तक्षेप बंद कर दे।
7. लोक अपने को सुरक्षित महसूस करें तथा उसे कभी बल प्रयोग की आवश्यकता ही न पड़े।
8. व्यक्ति अपनी सीमायें समझे,और स्वार्थ भाव से मुक्त हो।
9. धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हो जाये।

यदि इन नौ दिशाओं में बढ़ना शुरु कर दिया जाये तो आतंकवाद रहेगा ही नहीं और यदि कहीं पर रहेगा भी तो नियंत्रित हो जायेगा। मेरा तो यह भी मानना है कि यदि दुनियां की शासन व्यवस्था में 'एक विश्व संविधान' के अन्तर्गत एक विश्व सरकार बनने की भी पहल हो जाये तो भी आतंकवाद रुक सकता है।

उपरोक्त नौ समस्याओं के अतिरिक्त भी समाज में अनेक समस्याऍ व्याप्त है जो परिवार से लेकर सारे विश्व तक को प्रभावित करती है किन्तु मैंने उनमें से कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं को इंगित करके समाधान करने का प्रयास किया है। समाधान में से भी कई बाते एक दूसरे से जुड़ी हुई है। लोकतंत्र की जगह लोकस्वराज्य,व्यक्तिगत सम्पत्ति की जगह पारिवारिक सम्पत्ति,परम्परागत परिवार व्यवस्था की जगह लोकतांत्रिक परिवार व्यवस्था, जन्मना वर्ण व्यवस्था की जगह प्रवृत्ति अनुसार वर्ण व्यवस्था, संविधान संशोधन के असीम अधिकारों को संसद के एकाधिकार से निकालना तथा सम्पूर्ण जनता को उसमें भागीदार बनाना जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधार विश्व समस्याओं के समाधान में सहायक हो सकते है।

साराशः– एक विश्व सरकार हो जो विश्व संविधान से नियंत्रित और संचालित हो। विश्व संविधान निर्माण में दुनियां के प्रत्येक व्यक्ति की सहमति आवश्यक हो।

ज्ञानोत्सव 2019 दिनॉक 01.09.2019 प्रथम सत्र प्रातः काल

3. आर्थिक समस्याएं एवं समाधान

समाज मे शान्ति बनी रहने मे समाज के प्रत्येक व्यक्ति के भौतिक सुख का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस भौतिक सुख का ऑकलन होता है आर्थिक स्थिति से और आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन होता है अर्थ अर्थात धन से। अर्थ की इसी

महत्ता के कारण, अर्थ के सुचारू संचालन, सम्यक प्रबंधन व अर्थ पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु एक अर्थव्यवस्था होती है। दूसरे शब्दों में, यह कहा जा सकता है कि समाज में सुख और शान्ति बनी रहने में, इस अर्थव्यवस्था का ठीक होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। भारत में वर्तमान समय में छः आर्थिक समस्याएं दिखती हैं– 1. महंगाई 2. मुद्रा–स्फीति 3. गरीबी 4. भिक्षित बेरोजगारी 5. आर्थिक असमानता और 6. श्रमिक बेरोजगारी। इनमें से प्रथम चार भावनात्मक और अस्तित्वहीन समस्याएं हैं जो सिर्फ भ्रम मात्र हैं, जबकि शेष आखिरी दो समस्याएं वास्तविक समस्याएं हैं जिनका समाज की शान्ति व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

अस्तित्वहीन समस्याओं को जीवित रखना कुछ लोगो एवं संगठनों के संगठित प्रयासों का ही परिणाम है। ऐसी ही अस्तित्वहीन भावनात्मक समस्याओं में सबसे पहले महंगाई का नाम आता है। आज तक कोई भी न तो महंगाई को समझा पाया है और न ही कोई स्पष्ट परिभाषा ही बना पाया है। इसी वजह से महंगाई शब्द का व्यापक दुरूपयोग हुआ है। काफी तथ्यात्मक एवं तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद, यह बात स्पष्ट रूप से सामने आई कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के वर्षो में सोना–चांदी, जमीन और सरकारी कर्मचारियों का वेतन लगभग बहुत महंगा हुआ है जबकि पेट्रोल, डीजल, दालें, श्रम, खाद्य, तेल लगभग स्थिर हैं। इसके विपरीत अनाज, मिट्टी का तेल, कपड़ा, बिजली, इलैक्ट्रोनिक गुड्स सहित हजारों लाखों सामान या तो सस्ते हुये हैं या बहुत सस्ते हुये हैं। सन् सैंतालीस में एक मजदूर को दिन–भर की मजदूरी के रूप में किसान दो से तीन किलो अनाज देता था तो आज दस से पंद्रह किलो। मैं नहीं समझा कि क्या मंहगा हुआ और क्या सस्ता? सामान्य सिद्धान्त है कि किसी वस्तु की जिस आधार वस्तु से तुलना की जाती है उस आधार वस्तु को स्थिर होना चाहिये। पुराने समय में ऐसी आधार वस्तु के रूप में सोना को रखा गया था जो बाद में बदलकर चांदी और अब वर्तमान में अस्थिर आधारों वाला रूपया बना दिया गया है। वास्तविकता तो यह है कि रूपये का लगातार अवमूल्यन हुआ है जिसे बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, पूंजीपतियों इत्यादि ने महंगाई के रूप में सुनियोजित तरीके से प्रचारित किया। यदि आपको वस्तु के महंगी या सस्ती होने का वास्तविक ऑकलन करना हो तो उस वस्तु के आज के मूल्य मे सन् सैंतालिस से आज तक की मुद्रा स्फीति का भाग देकर ही वास्तविकता को समझा जा सकता है। इस तरह भारत में न तो महंगाई बढ़ी है और न ही उसका आम जन–जीवन पर कोई प्रभाव पड़ा है। महंगाई का हो–हल्ला राजनेताओं ने सत्ता संघर्ष में उपयोग के लिये, सरकारी कर्मचारियों ने अपना वेतन बढ़वाने के लिये तथा बुद्धिजीवियों और पूंजीपतियों ने आर्थिक असमानता जैसे वास्तविक मुद्दों पर से ध्यान हटाने के लिये किया है और यह हल्ला इतना संगठित और योजनाबद्ध तरीके से कि या गया जिसका असर पूरे भारत पर दिखने लगा। आ चर्य की बात तो यह है कि भारत की वर्तमान व्यवस्था पिछले कई द ाकों से इस अस्तित्वहीन समस्या को दूर करने के लिये निरन्तर प्रयत्न ील है, मगर यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

इसी तरह मुद्रा स्फीति को लेकर भारत में लगातार यह बात फैलाई जाती है कि मुद्रा स्फीति का सामान्य जन–जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है जबकि यह धारणा पूरी तरह गलत है। मुद्रा स्फीति को हम दूसरे शब्दों में कह सकते है रूपये का 'मूल्य ह्रास', जिसका भावार्थ होता है नगद रूपये पर अघोषित कर। मुद्रा स्फीति का दुष्प्रभाव सिर्फ नगद रूपये पर ही पड़ता है जबकि अन्य किसी वस्तु पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मुद्रा स्फीति का प्रभाव जमीन, मकान, अनाज, कपड़ा आदि सामान व श्रम या बुद्धि के मूल्य पर शून्यवत होता है। अब प्र न ये आता है कि मुद्रा स्फीति का सामान्य जन–जीवन पर क्या और कैसे प्रभाव होगा, इसका स्पष्ट उत्तर आज तक नहीं मिला है। मेरे विचार में जहॉ महंगाई एक अस्तित्वहीन समस्या है, वहीं मुद्रा–स्फीति प्रभावहीन समस्या है।

भारत में सर्वाधिक प्रचारित की गई समस्याओं में से एक अन्य समस्या गरीबी भी है। गरीबी पर लेख लिखने वाले विद्वान और अर्थशास्त्री आज तक ये नहीं बता पाये कि गरीबी की परिभाषा क्या है? फिर भी, यदि हम शासकीय मापदण्डों को ही स्वीकार कर ले तो भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालो की संख्या में बहुत कमी आयी है और इसके साथ ही, यह भी गौर करने लायक बात है कि आम आदमी का जीवन स्तर भी ऊॅचा हुआ है। वास्तविकता ये है कि 'गरीबी' कोई स्वतंत्र शब्द न होकर एक सापेक्ष शब्द है जिसके अनुसार यदि किसी व्यक्ति की तुलना बहुत बड़े आदमी से की जाये तो वह गरीब दिखता है और अत्यन्त गरीब से तुलना करें तो वह धनवान दिखने लगता है। भारत में अब तक गरीबी दूर करने में जितना रूपया खर्च हुआ है, वह यदि नहीं खर्च हुआ होता, तो भी भारत में गरीबी लगभग आज की तरह ही रहती। वर्तमान समय में सिर्फ एक वर्ष में गरीबी दूर करने के प्रयास पर होने वाले कुल खर्च का ऑकड़ा भी विस्मयकारी हो सकता है। भारत में 'गरीबी हटाओं' नारा गरीबों के लिये कितना सार्थक रहा है यह तो नहीं बताया जा सकता लेकिन यह नारा नौकर ाहों, राजनेताओं तथा बिचौलियों की प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार जरूर बना है।

भारत में एक और शब्द भावनात्मक रूप से प्रचारित हुआ है और वो है भिक्षित बेरोजगारी। बेरोजगारी शब्द की परिभाषा पर गहन चिंतन–मनन और व्यापक खोजबीन की गई तो यह परिभाषा इस तरह बनी– 'किसी स्थापित इकाई द्वारा

घोषित न्यूनतम श्रम मूल्य पर योग्यतानुसार काम का अभाव।' प्र न उठता है कि एक व्यक्ति डेढ़ सौ रूपये में कहीं काम करने को मजबूर है क्योकि उसकी स्थिति उसे तत्काल काम करने हेतु मजबूर कर रही है। दूसरी ओर एक डॉक्टर एक हजार रूपये में काम करने के लिये इसलिये तैयार नहीं है कि उसकी योग्यतानुसार उसे दो हजार रूपये चाहिये। तो समाज के लिये किसे बेरोजगार मानकर उसकी चिन्ता करना उचित होगा। न्यूनतम घोषित श्रम मूल्य से भी कम पर काम कर रहे मजदूर की चिन्ता पहले की जाये या योग्यतानुसार मूल्य की प्रतीक्षा में बेकार बैठे डॉक्टर की चिन्ता।

आय के तीन स्रोत माने जाते है– 1. श्रम 2. बुद्धि 3. धन। जिस व्यक्ति के पास आय के दो साधन है वह कभी बेरोजगार हो ही नहीं सकता। बेरोजगार तो वही हो सकता है जिसके पास श्रम के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय नहीं। सामान्यतः लोग बेरोजगारी के लिये उदाहरण देते हुये कहते है कि कहीं एक सौ पद के लिये मांग की जाती है तो दसियों हजार व्यक्ति उस पद के लिये टूट पड़ते हैं। यह उदाहरण बिल्कुल गलत भी है और षड़यंत्र भी। कही ऐसी भागदौड़ नहीं है यदि उक्त एक सौ पद का वेतनमान न्यूनतम श्रम मूल्य से कई गुणा अधिक न हो। एक ड्रम रबड़ी रखकर उसे खाने के लिये टूट पड़ने वालों के आधार पर पूरे गांव के भूखे होने का ऑकलन तैयार करने वाली व्यवस्था को यदि षड़यंत्र न कहें तो और क्या कहें? मैं बिल्कुल दृढ़तापूर्वक कह सकता हूँ कि यदि बेरोजगारी को किसी स्थापित व्यवस्था के दायित्व के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता है तो उसे श्रम के साथ ही जोड़ना होगा। यदि आपने उसे भिक्षा के साथ जोड़ा तो वह श्रम के साथ धोखा माना जायेगा। भिक्षित बेरोजगारी शब्द को स्थापित करने के पीछे बुद्धिजीवियों का एक सुनियोजित षड़यंत्र है क्योंकि उनका मूल उद्दे य तो श्रम का शोषण करना है। और, वह अपने उद्दे य में कहीं तक सफल भी है क्योंकि उन्होंने वर्तमान समय में भिक्षित बेरोजगारी को एक मूल समस्या के रूप में स्थापित कर दिया है। वर्तमान समय में बेरोजगारी पर चोट करने का तात्कालिक उपाय यह है कि सभी सरकारी कार्यों का वेतन न्यूनतम घोषित श्रम मूल्य तक स्थिर कर दिया जायें और जिन पदों पर इस आधार पर कोई बेरोजगार काम करने को न मिले उस पद पर ही अधिक वेतन की व्यवस्था हो। इसका परिणाम यह होगा कि एक ही आदे ा से करोड़ों लोग रोजगार भी पा जायेगे और शासन की आर्थिक बचतें भी हो जायेगी।

दो समस्याएं भारत में वास्तविक हैः पहली है– श्रमिक बेरोजगारी। पूरी दुनियां की तुलना में भारत में श्रम मूल्य में अत्यधिक विसंगतियां हैं। भारत के एक राज्य के मुकाबले में दूसरे राज्य में श्रम मूल्य भिन्न हैं यही नहीं, स्त्री एवं पुरूष के श्रम मूल्य में भी भिन्नता है। दुनियां में सभ्य समाज को धोखा देने के उद्दे य से हमारी सरकारों ने न्यूनतम श्रम मूल्य के नाम पर कृत्रिम घोषणाएं कर रखी है। यह बड़े आ चर्य की बात है कि कोई सरकार किसी वस्तु का न्यूनतम मूल्य तो घोषित कर दे किन्तु उस वस्तु को उससे कम पर बिकते हुये भी उसे सम्हालने में अपना दायित्व न समझे और उसे यों ही बिकने दें। किन्तु आज मानव श्रम के साथ तो यही दुर्गति हो रही है। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम श्रम मूल्य से भी कम दर पर काम करने के लिये, अभी भी हजारों हाथ प्रतीक्षारत खड़े हैं। श्रम मूल्य की असमानता के कारण जब छत्तीसगढ़ के श्रमिक पलायन करके अन्य प्रदे ाों की तरफ जाने लगे, तब यहॉ के उद्योगपतियों ने षड़यंत्रपूर्वक छत्तीसगढ़ सरकार के माध्यम से श्रमिको के हितों के नाम पर श्रम पलायन पर कानूनी प्रतिबंध लगा दिये। परिणामस्वरूप अब छत्तीसगढ़ के श्रमिक चोर और अपराधी के समान छिपकर तथा घूस देकर राज्य की सीमा से बाहर लाभदायक रोजगार के लिये जाता है। किसी भी समाज में सम्पन्नता का मापदण्ड वहां के औसत श्रम मूल्य को ही मानना चाहिये। वह भी वास्तविक श्रम मूल्य को न कि कृत्रिम श्रम मूल्य को जैसा कि घपला भारत में चल रहा है। कोई दे ा चाहे अन्य किसी भी आधार पर कितनी भी प्रगति कर ले, किन्तु यदि वह श्रम मूल्य में सुधार नहीं कर पाता तो उसकी सारी प्रगति अमानवीय ही कही जानी चाहिये।

पि चमी दे ा श्रम अभाव के दे ा है, जहॉ श्रम बहुत महंगा है। इसलिये श्रम सम्मान उनका स्वभाव बना हुआ है। भारत श्रम बाहुल्य दे ा हैं, जहॉ न केवल श्रम सस्ता है वरन आसानी से उपलब्ध भी है। इसलिये यहॉ श्रम सम्मान नहीं है। यदि भारत में श्रम की मांग बढ़े और श्रम का अभाव हो तो यहां भी श्रम का सम्मान होने लगेगा। मेरा तो यहॉ तक मानना है कि भारत की अनेक सामाजिक समस्याओं का कारण भी कही न कही श्रम की मांग की कमी के साथ जुड़ा हुआ है। विचारणीय है कि भारत एक ओर तो अपनी मानवीय उर्जा निर्यात के लिये दुनियां के सामने भिखारी बना रहता है तो दूसरी ओर वही भारत कृत्रिम उर्जा के आयात के लिये भी दुनियां की अमानवीय शर्ते मानने को मजबूर रहता है। भारत उत्पादन में श्रम का ठीक नियोजन नहीं कर रहा है।

भारतीय जनमानस में एक और आर्थिक समस्या गहरा घाव पैदा कर रही है और वह है आर्थिक असमानता। क्रय शक्ति भी बढ़ी है, भौतिक विकास भी अधिक हुआ है किन्तु इस सबके बाद भी आम जन में असन्तोष और कटुता का भाव इसलिये बढ़ा कि विकास बहुत ही असंतुलित हुआ। एक तरफ जहां गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति चीटीं की चाल से बढ़ी है, वहीं धनी लोगों की समृद्धि अत्यधिक तीव्र गति से बढ़ी है। पूरे भारत में आर्थिक असमानता जिस तीव्र गति से बढ़ी और

बढ़ रही है उससे भारत में आपसी विद्वेष भी बहुत अधिक बढ़ा है और बढ़ रहा है। मैं मानता हूँ कि आर्थिक असमानता भी एक बहुत बड़ी और यथार्थ समस्या है तथा आर्थिक समेत अन्य समस्याओं के समाधान में इसका भी महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

जब भी कोई व्यवस्था या व्यवस्था प्रमुख समाज में न्याय और सुरक्षा देने में विफल हो जाता है अथवा उसके मन में जनहित की अपेक्षा शासक और शासित का भाव प्रबल रूप धारण कर लेता है तब वह अपनी सत्ता को स्थिर बनाये रखने के लिये दस प्रकार के नाटक करता है। इन नाटकों में से तीन प्रकार के नाटक अर्थ व्यवस्था से सम्बन्ध रखते है– 1. समाज के गरीब और अमीरवर्ग के बीच इस प्रकार द्वेष भावना का विस्तार करें कि वह वर्ग विद्वेष बनकर वर्ग संघर्ष के रूप में अपनी जड़े जमा ले। 2. प्र ाासन/राज्य बिल्लियों के बीच बंदर की भूमिका निभावें 3. आर्थिक असमानता को प्रजातांत्रिक ढंग से निरन्तर मजबूत करने के लिये गरीब लोगों पर अप्रत्यक्ष कर और प्रत्यक्ष सुविधा तथा अमीर लोगों पर प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष सुविधा देने की नीति पर काम करे। भारत में यद्यपि ये तीनों नाटक स्वतंत्रता के कुछ वर्षो बाद ही शुरू हो गये थे किन्तु वर्तमान व्यवस्था की अर्थनीति तो पूरी तरह इन तीनों नाटकों पर ही निर्भर है। भारत की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था पर बुद्धिजीवियों तथा पूंजीपतियों का ऐसा भिकंजा कसा हुआ है कि उसकी प्रत्येक कर नीति प्रजातांत्रिक तरीके से श्रम शोषण और आर्थिक असमानता बढ़ाने में सहायक ही होती है। आर्थिक असमानता एवं श्रम शोषण के विरूद्ध दिन–रात आवाज उठाने वाले वामपंथी भी अन्ततोगत्वा अप्रत्यक्ष रूप से बुद्धिजीवियों और पूंजीपतियों के हितों के पक्ष की ही नीतियों का समर्थन करते हैं, भले ही यह कार्य उन्हें पूंजीवादियों को गाली देकर ही क्यों न करना पड़े। ऐसा नहीं है कि यह बहुरूपियापन सिर्फ वामपंथी ही दिखाते हों, बल्कि इसमें कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दलों की भूमिका भी कहीं से उन्नीस नहीं है। यह तो हर आम भारतीय जानता है कि भारत में गरीबों और अमीरों को दो वर्गों में बाँटकर वर्ग–विद्वेष राजनेताओं द्वारा पैदा किया गया है, और इसे वे वर्ग संघर्ष की दि ाा में ले जा रहे है। कोई राजनैतिक बहुरूपीया गरीबी रेखा के नाम पर अपनी राजनैतिक दुकान चला रहा है तो कोई अन्य नाटककार अमीरी रेखा के नाम पर। उन्हें इस बात की जरा सी भी कल्पना नहीं है कि किस सफाई से, पूरे प्रजातांत्रिक तरीकों से तथा सबको संतुष्ट करते हुये यह आर्थिक असमानता की समस्या बढ़ाई जा रही है। आर्थिक असमानता बढ़ाने हेतु प्रजातांत्रिक ढंग से खेला जाने वाला यह खेल कुछ इस प्रकार से खेला जाता हैः–1. समाज का आर्थिक असमानता पर से ध्यान हटाने के लिये महंगाई और मुद्रा स्फीति को बड़ी समस्या के रूप में प्रचारित करना 2. श्रम शोषण के उद्दे य से 'भिक्षित बेरोजगारी' शब्द तैयार करके उसे महत्वपूर्ण बनाना 3. श्रम मूल्य की वास्तविक स्थिति छिपाने के लिये न्यूनतम श्रम मूल्य की ऐसी घोषणा करना जिसका वास्तविकता से कोई सम्बन्ध न हो। 4. करों का ऐसा ढाँचा तैयार करना जिससे अप्रत्यक्ष रूप से गरीबों से अधिक तथा अमीरों से कम कर वसूला जाये, जबकि प्रत्यक्ष रूप से दे ा को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को ये लगे कि गरीबों से कम और अमीरों से अधिक टैक्स वसूला जा रहा है तथा ऐसी वस्तुओं को सस्ता रखना जिसका उपयोग अमीर अधिक और गरीब कम करते हैं जिससे गरीबों के मन में ऐसी वस्तुओं के प्रति आकर्षण पैदा हों ताकि गरीब लोग उसे अपने उपयोग की वस्तु मान लें।

भारत और उसकी सभी राज्य सरकारें पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ महंगाई भी दूर कर रहीं है साथ में पूरी ताकत से मुद्रा स्फीति को भी नियंत्रित कर रही हैं। भिक्षित बेरोजगारी दूर करने के पीछे, सभी सरकारे दीवानगी की हद तक चली गई है। कृत्रिम श्रममूल्य भी एक दो वर्षों में बढ़ा दिया जाता है। किन्तु तीसरे प्रकार का नाटक जिसमे गरीबों पर अप्रत्यक्ष–कर और प्रत्यक्ष सहायता तथा अमीरों पर प्रत्यक्ष–कर और अप्रत्यक्ष सहायता का प्रावधान है व जिसके अनुसार चौथी योजना पर काम होता है वह श्रम शोषण और आर्थिक असमानता बढ़ाने के उद्दे य से सर्वाधिक खतरनाक प्रयास है।

उपभोक्ता वस्तुएं तीन प्रकार की होती हैः– 1. अनिवार्य आव यकता की 2. सुविधा की 3. विलासिता की। सभी प्रकार के अनाज, दाले, खाद्य, तेल मसाले, ईंट, कपड़ा, घास–भूसा आदि वस्तुएं गरीब वर्ग के लिये अनिवार्य आव यकता की श्रेणी में आती है और आवागमन, बिजली, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, अखबार, टेलिफोन आदि वस्तुएं सुविधा भी श्रेणी मे है। गरीब वर्ग के लिये जो वस्तुएं सुविधा की श्रेणी मे आती है वे हो सकता है कि उच्च या उच्चतम वर्ग के लिये अनिवार्य आव यकता की श्रेणी में शामिल हों, किन्तु ये वस्तुएं गरीबों के लिये तो निश्चित रूप से सुविधा में ही शामिल है अनिवार्य आव यकता में नहीं। वर्तमान व्यवस्था गरीबों की अनिवार्य आव यकता की वस्तुओं पर कर लगाती है और सुविधा की वस्तुओं पर छूट देती है। दिलचस्प बात यह है कि वर्तमान व्यवस्था यह कर भी इस तरह चोरी–चोरी छुपाकर तथा अप्रत्यक्ष रूप से लगाती है कि इन वस्तुओं के उत्पादक किसान और उपभोक्ता गरीब लोगों को बिल्कुल पता न चले और बीच में बिचौलिओं के माध्यम से अरबो–खरबों रूपये वसूल लिये जायें। इसके ठीक विपरीत, व्यवस्था पोस्टकार्ड, मिट्टी का तेल, बिजली, अखबार आदि वस्तुओं पर भारी सब्सिडी प्रदान करती है। वैसे तो व्यवस्था कृत्रिम ऊर्जा, आवागमन, टेलिफोन

इत्यादि की मूल्य वृद्धि करने का साहस नहीं करती है लेकिन यदि कभी करने का प्रयास करे तो वामपंथी, राजनेता, मानवाधिकारवादी आदि संसद से लेकर सड़क तक भारी विरोध करते है। किन्तु जब कपास, दलहन, तिलहन, दवा, दे ाी वस्तुओं पर भारी कर लगाया/बढ़ाया गया तो इनमें से कोई भी कहीं भी विरोध करता हुआ दिखायी नहीं देता है। साइकिल जैसी वस्तु जो सिर्फ गरीबों के उपयोग की ही है, उसपर भी सैकड़ों रूपये प्रति साइकिल उत्पादन कर लगता है पर बुद्धिजीवी, पूंजीपतियों, वामपंथियों, राजनेताओं के गठजोड़ के कानों पर आज तक जूँ रेंगती कभी दिखाई नहीं दी है, विरोध करना तो बहुत दूर की बात है। विगत वर्षों में मध्यप्रदे ा और छत्तीसगढ की सरकारों ने कलम की एक नोंक पर मंडी टैक्स 50 पैसे से बढ़ाकर 2 प्रति ात कर दिया और इस एक शब्द के सं ाोधन मात्र से सभी प्रकार के कृषि उत्पादन पर चार गुणा कर लगने लगा। सोचिये आप कि क्या किसी को भी इस बारे में पता चला? क्या अन्य राज्यों की सरकारों ने इस तरह की मूल्य वृद्धि नहीं की? क्या कहीं कोई विरोध या शोर हुआ? नहीं ना! स्थिति की विकरालता को समझने के लिये आपकी जानकारी में यह बात होनी चाहिये कि सिर्फ गरीबों के उपयोग की वस्तुओं पर ही ऐसा कर लगता हो यह बात नहीं है। उनके उत्पादन का भी ऐसा ही हाल है। किसान अपने खेत में अपने खर्च से पैदा की गई इमारती लकड़ी को भी बेचते समय करीब 30 प्रति ात लकड़ी का मूल्य सरकार को टैक्स के रूप में चुकाता है जबकि न जमीन सरकार की है और न उसे कोई शासकीय सहायता मिलती है। साल बीज, बीड़ी पत्ता आदि अन्य प्रकार की वनोपज पूरी तरह मजदूर अपने श्रम से इकठ्ठा करता है किन्तु ऐसे इकठ्ठा सामान में से भी आधा तक सरकार टैक्स के रूप में ले लेती है। आपको जानकर आ चर्य होगा कि महुआ पूरा का पूरा हाथ से इकठ्ठा होता है और महुआ के ये अधिकां ा पेड़ व्यक्तिगत जमीन पर होते है। ऐसे एकत्रित महुए पर भी बिक्री कर और मंडी टैक्स मिलाकर 6 प्रति ात तक सरकार ले लेती है। भारत में सामान्य जनों में से शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जिसको यह जानकारी होगी कि किसान और ग्रामीणों द्वारा उत्पादित वस्तुओं पर सरकार इस तरह से अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स वसूलती है। दूसरी और वामपंथी, पूंजीपतियों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं के गठजोड़ द्वारा यह बात स्थापित कर दी जाती है कि गरीब–ग्रामीण–किसान से सरकार को कोई कर प्राप्त नहीं होता है। मैं पूरी तरह आ वस्त हूँ कि यदि गरीब, ग्रामीण, किसान द्वारा उत्पादित अनेक वस्तुओं से सरकार टैक्स लेना बन्द कर दे तो ग्रामीण श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में सिर्फ एक वर्ष में ही बड़ा परिवर्तन आ सकता है किन्तु व्यवस्था कभी ऐसा नहीं करेगी। वह तो उसी में कभी बोनस तो कभी और कुछ नाटक करके श्रमजीवियों के साथ–साथ पूरे दे ा को धोखे में रखे रहेगी।

